175

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,
पूसा (समस्तीपुर)–848125, बिहार

पत्रांक 02 / स्था0 / 02 / 18 / त0से0 / 329 / रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा दिनांक 16 / 05 / 2020

प्रेषक,

उप कुलसचिव (स्था0)

सेवा में,

सभी अधिष्ठाता एवं निदेशक / कुलसचिव / नियंत्रक /
सभी नियंत्री पदाधिकारी / सभी विभाग प्रधान /
सभी प्रभारी पदाधिकारी, केन्द्र / उपकेन्द्र /
प्रभारी पदाधिकारी एरिस सेल,
रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा

विषयः तकनीकी कर्मचारियों की प्रोन्नति हेतु मूल्यांकन प्रपत्र समर्पित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि विश्वविद्यालय में कार्यरत तकनीकी संवर्ग के वैसे कर्मी जिन्हें 01.07.2018 से विश्वविद्यालय में लागू तकनीकी सेवा के अंतर्गत अभी तक पदोन्नति प्रदान नहीं की गई है, का पूर्णरूपेन भरा हुआ मूल्यांकन प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15 दिनों के अंदर जमा किया जाए।

मूल्यांकन प्रपत्र भेजने के पूर्व निम्नांकित बिंदुओं पर अवश्य ध्यान दे अन्यथा **मूल्यांकन प्रपत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(1) 01.01.2009 या उसके बाद दी गई पदोन्नति अथवा रूपांतरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना 2010 के तहत वृत्ति उन्नयन के लाभ से प्राप्त वर्तमान ग्रेड पे एवं उसकी तिथि को प्रपत्र में स्पष्ट रूप से दर्शायें।

(2) तकनीकी कर्मचारी अपने अंतिम शैक्षणिक योग्यता की छायाप्रति अवश्य सलग्न करें।

(3) पूर्ण रूप से भरा हुआ मूल्यांकन प्रपत्र के साथ अपने पूर्व में किये गये कार्यो का पूर्ण विवरण एवं अन्य वांछित कागजातों को अवश्य सलग्न करे।

(4) जो तकनीकी कर्मचारी वर्तमान में 4800 ग्रेड पे में कार्यरत है, वे 4600 एवं 4800 दोनों ग्रेड पे की प्रभावित तिथि को अवश्य दर्शायें।

(5) निर्धारित प्रपत्र विश्वविद्यालय वेवसाइड से डाउनलोड किया जाय।

मूल्यांकन प्रपत्र को निम्नांकित श्रेणियों विभक्त किया गया हैः

क्र0सं0	तकनीकी श्रेणी	तकनीकी ग्रेड	निर्धारित प्रपत्र
1.	Category-I	T1 (GP-2000) & T2(GP-2400)	प्रपत्र–I
2.	Category-II	T3(GP-2800), T4(GP-4200) & T5(GP-4600 & 4800)	प्रपत्र–II
3.	Category-III	T6 (GP-5400), T7(GP-6600) & T9(GP-7600)	प्रपत्र–III

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

16.5.2020

उपकुलसचिव (स्था0)